# महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय ,उज्जैन

देवास रोड,
उज्जैन (म.प्र.) – 456010

E-mail-regpsvvmp@rediffmail.com
Website– www.mpsvv.ac.in

क्र./मपासंवि/कु.स./सा.प्र./22/1516 उज्जैन, दिनांक : 30/03/22

प्रति,

1. **प्रो. विजयकुमार सी.जी.**
   कुलपति, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन म.प्र. – अध्यक्ष
2. **प्रमुख सचिव,**
   उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, वल्लभ भवन, मंत्रालय, भोपाल – पदेन सदस्य
3. **प्रमुख सचिव,**
   वित्त विभाग
   सी–307, ब्लाक–02, तृतीय तल, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल म.प्र. – पदेन सदस्य
4. **डॉ. उपेन्द्र भार्गव**
   सहा. प्राध्यापक, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन म.प्र.. – सदस्य
5. **डॉ. संकल्प मिश्र,**
   सहा. प्राध्यापक, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन म.प्र. – सदस्य
6. **श्री राजेन्द्र झालानी,**
   165, शिवकृपा, अलखधाम नगर, उज्जैन म.प्र. – सदस्य
7. **श्रीमती किरण शर्मा,**
   एफ–2/28 विक्रम विश्वविद्यालय आवास गृह, उज्जैन, म.प्र. – सदस्य
8. **श्रीमती विद्या जोशी ,**
   प्राचार्य, श्री राजराजेन्द्र जयंतसेन सूरि शिक्षा महाविद्यालय, उज्जैन म.प्र. – सदस्य
9. **डॉ. केशर सिंह चौहान,**
   एफ–2 कॉलेज परिसर, इन्दौरनाका, महाराजा भोज शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार – सदस्य
10. **श्री सुशील वाडिया,**
    बी –18/2 नेहरू नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन, म.प्र. – सदस्य
11. **श्री भरत बैरागी,**
    97 त्रिमूर्ति नगर, यशोदा विहार, साक्षी पेट्रोल पंप के सामने, रतलाम म.प्र. – सदस्य
12. **डॉ. दिलीप सोनी,**
    कुलसचिव, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन म.प्र. – सचिव

**विषय :– कार्य परिषद् द्वितीय बैठक दिनांक 04.03.2022 का कार्यवृत्त ।**

महोदय/महोदया,

महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, अधिनियम की धारा 17(2) के प्रावधान के अन्तर्गत गठित **कार्य–परिषद** की द्वितीय बैठक **(जुलाई 2021–जून 2022)**दिनांक **04 मार्च, 2022** को मध्याह्न 12:00 **बजे** विश्वविद्यालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक का कार्यवृत्त संलग्न कर सादर प्रेषित है।

**कुलसचिव**

क्र./पासंवि/कु.स./सा.प्र./22/1517 दिनांक : 30/03/22

**प्रतिलिपि :–**

1. महामहिम राज्यपाल जी के प्रमुख सचिव, राजभवन भोपाल (म.प्र.)
2. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, वल्लभ भवन, मंत्रालय, भोपाल (म.प्र.)
3. आयुक्त उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल (म.प्र.)
4. अति. संचालक, उच्च शिक्षा, उज्जैन–संभाग, माधव विज्ञान महा. परिसर, उज्जैन।
5. संभागीय संयुक्त संचालक, कोष एवं लेखा, कार्यालय – भरतपुरी, उज्जैन म.प्र.
6. वित्त नियंत्रक/लेखा विभाग/वि.कर्त.अधि. म.पा.सं.वै.वि.वि. ।
7. गार्ड फाईल।

**कुलसचिव**

# महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय,उज्जैन

देवास रोड़
उज्जैन (म.प्र.)

E-mail-regpsvvmp@rediffmail.com
Website– www.mpsvv.ac.in


## दिनांक 04 मार्च, 2022 को आयोजित कार्य परिषद बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 04 मार्च, 2022 को मध्याह्न 12:00 बजे महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन की कार्य परिषद बैठक विश्वविद्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित थे :

-: उपस्थिति :-

1. **प्रो. विजयकुमार सी.जी.**
   कुलपति, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन म.प्र. – अध्यक्ष
2. **डॉ. आर.सी. जाटवा, अति. संचालक, उच्च शिक्षा उज्जैन संभाग,**
   ( **प्रमुख सचिव**,उ. शि. वि., म.प्र. शासन, के प्रतिनिधि) – पदेन सदस्य
3. **श्रीमती सुषमा ठाकुर**
   **प्रमुख सचिव**, वित्त विभाग के प्रतिनिधि – पदेन सदस्य
4. **डॉ. उपेन्द्र भार्गव**
   सहा. प्राध्यापक, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन म.प्र.. – सदस्य
5. **डॉ. संकल्प मिश्र,**
   सहा. प्राध्यापक, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन म.प्र. – सदस्य
6. **श्री राजेन्द्र झालानी,**
   165, शिवकृपा, अलखधाम नगर, उज्जैन म.प्र. – सदस्य
7. **श्रीमती किरण शर्मा,**
   एफ–2/28 विक्रम विश्वविद्यालय आवास गृह, उज्जैन, म.प्र. – सदस्य
8. **श्रीमती विद्या जोशी ,**
   प्राचार्य, श्री राजराजेन्द्र जयंतसेन सूरि शिक्षा महाविद्यालय, उज्जैन म.प्र. – सदस्य
9. **डॉ. केशर सिंह चौहान,**
   एफ–2 कॉलेज परिसर, इन्दौर नाका, महाराजा भोज शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार – सदस्य
10. **श्री सुशील वाडिया,**
    बी –18/2 नेहरू नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन, म.प्र. – सदस्य
11. **डॉ. दिलीप सोनी,**
    कुलसचिव, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन म.प्र. – सचिव

––00––

बैठक की कार्यवाही के प्रारंभ में कुलपति जी ने माननीय कुलाधिपति जी द्वारा मनोनीत (10 फरवरी 2022) कार्य परिषद सदस्यगण का स्वागत किया। कुलपतिजी द्वारा कार्य-परिषद के उपस्थित सदस्यों का अभिनन्दन किया गया। स्वागतोपरान्त कुलसचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

--00—

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 01 | **कार्यपरिषद बैठक दिनांक 28.09.2021 का कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ।** |
| टीप | कार्यपरिषद बैठक दिनांक 28.09.2021 का कार्यवाही विवरण अवलोकनार्थ संलग्न। |
| निर्णय | **कार्यपरिषद बैठक दिनांक 28.09.2021 का कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।** |
| विषय क्रमांक 02 | **कार्यपरिषद बैठक दिनांक 28.09.2021 का कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन अनुमोदनार्थ।** |
| टीप | कार्यपरिषद बैठक दिनांक 28.09.2021 का कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन अवलोकनार्थ संलग्न। |
| निर्णय | **कार्यपरिषद बैठक दिनांक 28.09.2021 का कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की गई।** |

क्रियान्वयन – कुलसचिव कार्यालय/सामा.प्रशा.

विषय क्रमांक 03 — विद्या परिषद बैठक दिनांक 17.12.2021 का कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ।

टीप

(1) अध्ययन मंडल का गठन एवं कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ संलग्न। (विद्या परिषद बैठक दिनांक 17.12.2021 का निर्णय क्र. 03,04,05 एवं 06 अवलोकनार्थ) संकाय बोर्ड का गठन एवं कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ संलग्न। (विद्या परिषद बैठक दिनांक 17.12.2021 का निर्णय क्र. 03,04,05 एवं 06 अवलोकनार्थ)

(2) विविध अकादमिक/परीक्षा समिति के बाह्य सदस्यों को बैठक में मानदेय रू. 1000/- (रू. एक हजार) दिये जाने का निर्णय विद्या परिषद बैठक दिनांक 17.12.2021 में लिया गया। अनुमोदनार्थ संलग्न। (विद्या परिषद बैठक दिनांक 17.12.2021 का निर्णय क्र. 08 अवलोकनार्थ)

(3) वेद विद्या प्रतिष्ठान से वेद विभूषण परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश देने का निर्णय विद्या परिषद बैठक दिनांक 17.12.2021 में लिया गया। निर्णय अनुमोदनार्थ ।(विद्या परिषद बैठक दिनांक 17.12.2021 का निर्णय क्र. 10 अवलोकनार्थ)

(4) आतिथ्य सत्कार (Hospitality studies) का पाठ्यक्रम आरम्भ करने का निर्णय विद्या परिषद बैठक दिनांक 17.12.2021 में लिया गया। पाठ्यक्रम का निर्माण किया जाना है। निर्णय अनुमोदनार्थ।(विद्या परिषद बैठक दिनांक 17.12.2021 का निर्णय क्र. 11 अवलोकनार्थ)

(5) पर्यटक मार्गदर्शन/ट्रेवल एंड टूरिज्म का पाठ्यक्रम आरम्भ करने का निर्णय विद्या परिषद बैठक दिनांक 17.12.2021 में लिया गया। पाठ्यक्रम का निर्माण किया जाना है। निर्णय अनुमोदनार्थ। (विद्या परिषद बैठक दिनांक 17.12.2021 का निर्णय क्र. 12 अवलोकनार्थ)

(6) सिविल सर्विसेज का पाठ्यक्रम आरम्भ करने का निर्णय वि.प. बैठक दि. 17.12.21 में लिया गया। पाठ्यक्रम का निर्माण किया जाना है। निर्णय अनुमोदनार्थ।(वि.प. बैठक दि. 17.12.2021 का निर्णय क्र. 13 अवलोकनार्थ)

(7) महर्षि सान्दीपनिराष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जैन के वेद भूषण (कक्षा10 वीं के समकक्ष)एवं वेद विभूषण (कक्षा12 वीं के समकक्ष) पाठ्यक्रम को उच्च शिक्षा हेतु मान्यता प्रदान करने पर निर्णय लिया गया। निर्णय अनुमोदनार्थ प्रस्तुत। (विद्या परिषद बैठक दिनांक 17.12.2021 का निर्णय क्र. 14 अवलोकनार्थ)

विद्या परिषद बैठक दिनांक 17.12.2021 का कार्यवाही विवरण अवलोकनार्थ संलग्न।

निर्णय

**विद्या परिषद बैठक दिनांक 17.12.2021 का कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। विषय क्रमांक 03 (1), 03 (2), 03 (3), 03 (4), 03 (5), 03 (6), 03 (7) यथा प्रस्तावित अनुमोदित ।**

क्रियान्वयन – अकादमिक विभाग

विषय क्रमांक 04

**विश्वविद्यालय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनियमित (स्थायी कर्मी) हेतु विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ।**

टीप

कार्य परिषद बैठक दिनांक 28.09.2021 के निर्णय क्र. 03 में विश्वविद्यालय में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को विनियमित करने संबंधी विषय पर कार्य परिषद की सैद्धांतिक सहमति के अनुक्रम में एवं निर्णय के अनुपालन में पत्र क्रमांक 527 दिनांक 11.10.2021 आयुक्त, उच्च शिक्षा, सतपुड़ा भवन, भोपाल को विश्वविद्यालय में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के विनियमित करने संबंधी प्रस्ताव प्रेषित किया गया। प्रत्युत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में स्मरण पत्र क्र. 688 दिनांक 22.11.2021 प्रेषित किया गया।

निर्णय

**दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के विनियमित करने संबंधी समस्त प्रक्रिया से नवागत कार्यपरिषद सदस्यों को अवगत कराया जाए तथा आगामी कार्य परिषद के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया जाने का निर्णय लिया गया।**

क्रियान्वयन – स्थापना शाखा

| | |
|---|---|
| <u>विषय क्रमांक 05</u> | विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग में कार्यरत डॉ. तुलसीदास परौहा की CAS के तहत क्रमोन्नति विषयक। |
| टीप | कार्य परिषद बैठक दिनांक 28.09.2021 के निर्णय क्रमांक 06 के अनुपालन में कुलसचिव द्वारा गठित समिति की अधिसूचना 1205 दिनांक 25/02/2022 अवलोकनार्थ प्रस्तुत है।<br>अद्यतन स्थिति में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से डॉ. तुलसीदास परौहा की CAS के तहत क्रमोन्नति संबंधी पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत। |
| निर्णय | **कुलसचिव द्वारा गठित समिति में कार्य परिषद सदस्य श्रीमती विद्या जोशी को अशासकीय सदस्य के रूप में सम्मिलित करने का निर्णय लेते हुए आगामी कार्य परिषद में प्रकरण प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया।** |

क्रियान्वयन – स्थापना शाखा

| | |
|---|---|
| <u>विषय क्रमांक 06</u> | **भवन समिति की बैठक दिनांक 01.12.2021 का कार्यवाही विवरण अनुमोदनार्थ।** |
| टीप | भवन समिति की बैठक दिनांक 01.12.2021 का कार्यवाही विवरण अवलोकनार्थ संलग्न। |
| निर्णय | **भवन समिति की बैठक दिनांक 01.12.2021 का कार्यवाही विवरण अनुमोदित ।** |

क्रियान्वयन – निर्माण शाखा

| | |
|---|---|
| <u>विषय क्रमांक 07</u> | **नवनिर्मित योग भवन एवं शैक्षणिक कक्षों के निरीक्षण हेतु गठित निरीक्षण समिति का प्रतिवेदन अनुमोदनार्थ ।** |
| टीप | नवनिर्मित योग भवन एवं शैक्षणिक कक्षों के निरीक्षण हेतु गठित निरीक्षण समिति का प्रतिवेदन अनुमोदनार्थ । |
| निर्णय | **नवनिर्मित योग भवन एवं शैक्षणिक कक्षों के निरीक्षण हेतु गठित निरीक्षण समिति का प्रतिवेदन अनुमोदित ।** |

क्रियान्वयन – निर्माण शाखा

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 08 | **अधिकारीगण के साथ मुख्यालय से बाहर की यात्रा पर विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को विशेष भत्ता प्रदाय करने पर विचार।** |
| टीप | (अ) वर्तमान में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिकाओं को केन्द्रों पर लाने ले जाने के लिए जोखिम भत्ता रूपये 125 प्रदान किया जाता है। इस भत्ते की स्वीकृति दिनांक 05 फरवरी, 2016 को आयोजित कार्यपरिषद बैठक में प्राप्त हुई थी। जोखिम भत्ता 250/- करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है। |
| निर्णय **(अ)** | **(अ) जोखिम भत्ता रू. 125/- से बढ़ाकर रू. 250 किए जाने का निर्णय लिया गया ।** |
| टीप | **(ब)** माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के साथ अथवा विश्वविद्यालय द्वारा किसी यात्रा पर जा रहे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी/आउटसोर्स/अंश कालिक कर्मचारी/ वाहन चालक हेतु भी विशेष दैनिक भत्ते को 01 अप्रैल 2021 से स्वीकृत कर लागू किया जाना प्रस्तावित है। |
| निर्णय **(ब)** | **(ब) दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी/आउटसोर्स/अंश कालिक कर्मचारी/ वाहन चालक हेतु भी विशेष भत्ते के संबंध में मध्यप्रदेश शासन यात्रा भत्ता नियमानुसार यात्रा भत्ता दिए जाने का निर्णय लिया गया ।** |
| | क्रियान्वयन – सामा.प्रशासन |
| विषय क्रमांक 09 | **सहा. ग्रेड- 3 कर्मचारी की पदोन्नति हेतु प्राप्त आवेदन विचारार्थ।** |
| टीप | विश्वविद्यालय के सहायक ग्रेड- 3 कर्मचारी श्री केशव श्रोत्रिय ने सहा.ग्रेड- 2 पर पदोन्नति हेतु आवेदन किया है। अद्यतन स्थिति में विश्वविद्यालय में सहा.ग्रेड-2 पद स्वीकृत नहीं है। |
| निर्णय | **सहा.ग्रेड-2 पद स्वीकृत नहीं होने की स्थिति में शासन के नियमानुसार क्रमोन्नति/समयमान वेतनमान दिए जाने का निर्णय लिया गया।** |
| | क्रियान्वयन – स्थापना शाखा |

विषय क्रमांक 10 **चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की पदोन्नति/क्रमोन्नति हेतु प्राप्त आवेदन विचारार्थ।**

टीप विश्वविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्री शंकरसिंह खींची, भृत्य ने सहा.ग्रेड- 3 पर पदोन्नति/क्रमोन्नति हेतु आवेदन किया है। अद्यतन स्थिति में विश्वविद्यालय में सहा.ग्रेड-3 के 3 पद स्वीकृत है तथा वर्तमान में 2 पद रिक्त हैं।

निर्णय **शासन के सेवा नियमानुसार समिति गठन कर रोस्टर का पालन करते हुए पदोन्नति/क्रमोन्नति दिए जाने का निर्णय लिया गया।**

क्रियान्वयन – स्थापना शाखा

विषय क्रमांक 11 **विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा कार्य हेतु किये जा रहे भुगतान के सीमांकन पर विचार।**

टीप वर्तमान में किसी भी परीक्षा कार्य हेतु देयकों के आधार पर किसी भी एक व्यक्ति को भुगतान की वित्तीय वर्ष अनुसार अन्तिम सीमा निर्धारित नहीं है। अत: परीक्षा कार्य हेतु किसी एक व्यक्ति को किये जाने वाले कुल भुगतान की अधिकतम राशि 30,000/- (अक्षरी रू. तीस हजार) का निर्धारण किया जाना प्रस्तावित है।

निर्णय **विचारोपरान्त परीक्षा कार्य हेतु एक वित्तीय वर्ष में किसी एक व्यक्ति को किये जाने वाले कुल भुगतान की अधिकतम राशि 20,000/- (अक्षरी रू. बीस हजार) निर्धारित करने का निर्णय लिया गया।**

क्रियान्वयन – सामा.प्रशासन

विषय क्रमांक 12 **विश्वविद्यालय में नेटवर्किंग कार्य के सम्बन्ध में विचारार्थ।**

टीप वर्तमान में विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में नेटवर्किंग का कार्य दो चरणों में कराया जा चुका है, जिसमें प्रत्येक कक्ष में आर जे 45 लेन (RJ45 LAN) के पाईंट दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त कुल 03 वाईफाई राउटर लगाए गए हैं। इसी प्रकार की व्यवस्था श्रीकृष्ण योग भवन, सान्दीपनी शिक्षा भवन एवं पंचवटी परिसर में भी कराई जाना प्रस्तावित है।

निर्णय **यथा प्रस्तावित अनुमोदित।**

क्रियान्वयन – भण्डार/संगणक शाखा

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 13 | **विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश शासन के वित्त विभाग द्वारा स्वीकृति प्राप्त शैक्षणिक/गैर-शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति के संदर्भ में।** |
| टीप | विश्वविद्यालय में वर्तमान में कुल स्वीकृत 30 शैक्षणिक पदों में से 06 पद भरे हुए हैं शेष 24 पद रिक्त हैं। रिक्त पदों हेतु विज्ञापन जारी कर पद पूर्ति की जाना प्रस्तावित है।<br>इसी प्रकार कुल स्वीकृत 17 गैर-शैक्षणिक पदोंमें से 10 पद भरे हुए हैं शेष 7 (6+1 लियन) रिक्त पदों हेतु विज्ञापन जारी कर पद पूर्ति की जाना प्रस्तावित है।<br>उपर्युक्त के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा रिक्त पदों के अनुसार बजट हेतु पत्र क्रमांक 496 दिनांक 05.10.2021 प्रेषित किया जा चुका है। |
| निर्णय | **म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय, भोपाल के निर्देश पत्रांक एफ 73-14/2017/38/-3 दिनांक 23.01.2020 का संज्ञान किया गया। निर्णय लिया गया कि शासन के निर्देश पत्र के अनुसार कार्यवाही यथानुसार सुनिश्चित की जाए।** |

क्रियान्वयन – स्थापना शाखा

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 14 | **विश्वविद्यालय के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को अतिरिक्त रूप से प्रदान किये जा रहे राशि रू. 1000/- प्रतिमाह भुगतान पर विचारार्थ।** |
| टीप | वर्तमान में विश्वविद्यालय के दैनिक वेतन भोगी कुछ कर्मचारियों को अतिरिक्त रूप से राशि रू. 1000/- प्रतिमाह भुगतान किया जा रहा है। यह भुगतान **व्यथा निवारण समिति** की अनुशंसा पर किया जा रहा है। व्यथा निवारण समिति का गठन तत्कालीन कुलपति स्तर पर किया गया था न कि कार्य परिषद द्वारा। अत: मध्यप्रदेश शासन द्वारा उपर्युक्त प्रकार के भुगतान किये जाने के संबंध में कोई आदेश प्राप्त न होने के कारण यह अतिरिक्त भुगतान वैध नहीं है। अत: इसे तत्काल प्रभाव से बन्द किया जाना प्रस्तावित है |
| निर्णय | **यथा प्रस्तावित अनुमोदित।** |

क्रियान्वयन – सामा.प्रशासन

विषय क्रमांक 15 **विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित विद्यार्थियों के लिए सशुल्क एक अतिरिक्त अवसर प्रदान किए जाने पर विचार।**

टीप वर्तमान में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित विद्यार्थियों के लिए पुन: प्रायोगिक परीक्षा आयोजन का कोई प्रावधान नहीं है। यदा-कदा छात्र दुर्घटना/अन्य अप्रिय कारणों से प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने वंचित हो जाते हैं, जिससे उनका सम्पूर्ण वर्ष व्यर्थ हो जाता है। अत: ऐसे छात्रों हेतु पुन: प्रायोगिक परीक्षा आयोजन सशुल्क (प्रति छात्र प्रति परीक्षा रू. 2000/- अक्षरी रू. दो हजार) कराया जाना प्रस्तावित है।

निर्णय **यथा प्रस्तावित अनुमोदित।**

क्रियान्वयन – परीक्षा विभाग

विषय क्रमांक 16 **विविध कार्यों हेतु आमंत्रित विद्वानों/विशेषज्ञों को स्थानीय यात्रा भत्ता देने पर विचार।**

टीप वर्तमान में किसी भी कार्य से कोई भी महानुभाव विश्वविद्यालय के आमंत्रण पर यदि विश्वविद्यालय में आते हैं तो उन्हें केवल यात्रा टिकिट की राशि प्रदान की जाती है, जबकि उन्हें रेलवे स्टेशन/बस स्टैण्ड से ऑटो से आना एवं जाना पड़ता है। अत: इस प्रकार के प्रकरणों में प्रति आमंत्रण/कार्य राशि रू. 300/- (अक्षरी तीन सौ रूपये) स्थानीय यात्रा भत्ता दिया जाना प्रस्तावित है।

निर्णय **यथा प्रस्तावित अनुमोदित।**

क्रियान्वयन – सामा.प्रशासन

विषय क्रमांक 17 **विश्वविद्यालय द्वारा उच्च न्यायालय में विश्वविद्यालय की ओर से प्रतिरक्षण करने वाले अधिवक्ता/अभिभाषक को निर्धारित प्रतिप्रकरण राशि रू. 12000 के स्थान पर राशि रू. 35000/- के अनुमोदनार्थ।**

टीप विश्वविद्यालय की माननीय कार्यपरिषद द्वारा उच्च न्यायालय के प्रति प्रकरण हेतु अभिभाषक शुल्क रू. 12,000/- निर्धारित किए गए हैं। वर्तमान में WP 23621/2021 प्रकरण में प्रकरण/कार्य की गंभीरता के आधार पर अधिक अनुभव सम्पन्न अधिवक्ता की आवश्यकता थी, किन्तु इस प्रकार के अनुभव सम्पन्न अधिवक्ता उपर्युक्त निर्धारित शुल्क पर प्राप्त नहीं हो सकते हैं। अत: **राशि रू. 35000/-में से रू. 20,000/-** राशि का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। प्रकरण कार्योत्तर अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

निर्णय **यथा प्रस्तावित अनुमोदित। केवल उपरोक्त प्रकरण के सन्दर्भ में अनुमोदित करते हुए अभिभाषक पैनल बनाने का निर्णय लिया गया।**

क्रियान्वयन - सामा.प्रशासन

विषय क्रमांक 18 **कर्मचारी राज्य बीमा निगम E.S.I.C. द्वारा आरोपित अर्थदण्ड के भुगतान के अनुमोदनार्थ।**

टीप कर्मचारी राज्य बीमा निगम E.S.I.C. द्वारा प्रेषित विविध पत्रों द्वारा विश्वविद्यालय पर अर्थदण्ड आरोपित किया गया है, जिसका भुगतान किया जाना प्रस्तावित है।

निर्णय **कर्मचारी राज्य बीमा निगम E.S.I.C. द्वारा विश्वविद्यालय पर आरोपित अर्थदण्ड माफी हेतु कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया तथा प्रकरण को आगामी कार्यपरिषद में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।**

क्रियान्वयन – वित्त/लेखा शाखा

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 19 | **विश्वविद्यालय के स्थायी कर्मचारियों को 7वें वेतनमान के एरियर राशि के भुगतान की सूचना।** |
| टीप | वर्तमान में विश्वविद्यालय के समस्त स्थायी कर्मचारियों को 7वें वेतनमान के एरियर की राशि का भुगतान किया जा चुका है। बजट के अभाव में डॉ. तुलसीदास परौहा एवं डॉ. पूजा उपाध्याय अवशिष्ट 50% राशि मार्च के अन्तिम सप्ताह में/शासन से बजट प्राप्त होने पर किया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु उपरोक्त दोनों प्राध्यापको से मौखिक स्वीकृति प्राप्त की जा चुकी है कि उनको छोड़कर शेष कर्मचारियों का भुगतान कर दिया जाए। |
| निर्णय | **यथा प्रस्तावित अनुमोदित।** |
| | क्रियान्वयन – वित्त/लेखा शाखा |
| विषय क्रमांक 20 | **दीक्षान्त समारोह (तृतीय) का आयोजन 25 मार्च 2022 को किये जाने विषयक ।** |
| टीप | कार्य परिषद की बैठक दिनांक 28.09.201 के निर्णयानुसार दीक्षान्त समारोह का आयोजन बसंत पंचमी पर्व पर किया जाना है महामहिम राज्यपाल जी द्वारा व्यस्तता के कारण बसंत पंचमी के स्थान पर 25 मार्च, 2022 की तिथि दीक्षान्त हेतु प्रदान की गयी है। प्रस्ताव अनुमोदनार्थ। |
| निर्णय | **यथा प्रस्तावित अनुमोदित।** |
| | क्रियान्वयन – परीक्षा विभाग |
| विषय क्रमांक 21 | **दीक्षान्त समारोह (तृतीय) आयोजन में पदक व्यवस्था विचारार्थ।** |
| टीप | दीक्षान्त समारोह में कुल 1351 छात्र-छात्राओं को उपाधियाँ दी जानी है । जिसमें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता स्नातकों को क्रमश: स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक प्रदान किया जाता है। पदक हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रस्तावित है। |
| | पदकों के लिए (एकवार) निम्नानुसार व्यय सम्भावित है – |

| | | |
|---|---|---|
| स्वर्ण पदक | - 1 नग | 6000/- |
| रजत पदक | - 1 नग | 4000/- |
| कांस्य पदक | - 1 नग | 2000/- |
| एक साथ तीनों पदकों के लिये | | 12000/- |

निर्णय **यथा प्रस्तावित अनुमोदित।** क्रियान्वयन- परीक्षा विभाग

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 22 | **दीक्षान्त समारोह (तृतीय) आयोजन मे आनुषांगिक व्यवस्थाओं हेतु व्यय की स्वीकृति पर विचार।** |
| टीप | समारोह में मंच, माईक व्यवस्था, जलपान, अतिथियों के आवास, भोजन आदि विविध मदों पर व्यय होता है। लगभग 5 लाख रू. का व्यय संभावित है। |
| निर्णय | **यथा प्रस्तावित अनुमोदित।** |

क्रियान्वयन- परीक्षा विभाग

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 23 | **दीक्षान्त समारोह (तृतीय) में स्नातकों के लिए पंजीयन शुल्क रू. 500/- लिये जाने पर विचार ।** |
| टीप | स्नातकों को नि:शुल्क गणवेश प्रदान किया जायेगा। |
| निर्णय | **यथा प्रस्तावित अनुमोदित।** |

क्रियान्वयन – परीक्षा विभाग

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 24 | **दीक्षान्त समारोह (तृतीय) में स्नातकों को तथा प्राधिकारियों के लिए गणवेश क्रय करने पर विचार।** |
| टीप | समारोह में स्नातकों तथा प्राधिकारियों के लिए साफा तथा उत्तरीय (दुपट्टा) धारण करने का विधान है। जिसे क्रय किया जाना प्रस्तावित है। विवरण निम्नानुसार है - |

1. शोधार्थी की संख्या – 09
   (निर्धारित गणवेश – सफेद धोती, सफेद कुर्ता, साफा नारंगी रंग, उत्तरीय नारंगी रंग)
2. स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्तकर्ता – 372
   (निर्धारित गणवेश – सफेद धोती, सफेद कुर्ता, साफा नारंगी रंग, उत्तरीय नारंगी रंग)
3. स्नातक उपाधि प्राप्तकर्ता – 490
   (निर्धारित गणवेश – सफेद धोती, सफेद कुर्ता, साफा केशरिया रंग, उत्तरीय नारंगी रंग)

4. स्नातकोत्तर डिप्लोमा उपाधि प्राप्तकर्ता – 426

   (निर्धारित गणवेश – सफेद धोती, सफेद कुर्ता, साफा पीला रंग, उत्तरीय पीला रंग)

5. स्नातक डिप्लोमा उपाधि प्राप्तकर्ता – 54

   (निर्धारित गणवेश – सफेद धोती, सफेद कुर्ता, साफा केशरिया रंग, उत्तरीय नारंगी रंग)

6. प्राधिकारी हेतु –

   (निर्धारित गणवेश – सफेद वस्त्र, साफा गुलाबी रंग, उत्तरीय गुलाबी रंग)

7. सभी महिला स्नातक -

   (निर्धारित गणवेश – गुलाबी रंग की साड़ी, साफा तथा उत्तरीय कक्षानुसार )

नोट – विश्वविद्यालय की ओर से गणवेश में केवल साफा तथा दुपट्टा प्रदान किया जाना है।

निर्णय **यथा प्रस्तावित अनुमोदित।**

क्रियान्वयन – परीक्षा/भण्डार

विषय क्रमांक 25 **शोधोपाधि प्रदान करने के संबंध में अनुमोदनार्थ।**

टीप विश्वविद्यालय के 09 शोधार्थियों को शोधापाधि प्रदान करने हेतु प्रस्ताव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है –

1. श्री संदीप मेहता
2. श्रीमती दिव्या व्यास
3. श्रीमती हरिप्रिया राठौर
4. महिमा शास्त्री
5. कु. गरिमा दवे
6. श्री अभिषेक आर्य
7. श्री रमेश कुमार शुक्ल
8. श्री गोविंद सिंह पैकरा
9. श्री भगवती प्रसाद जोशी

निर्णय **यथा प्रस्तावित यथा अनुमोदित।** क्रियान्वयन – शोध शाखा

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 26 | **शुल्क निर्धारण समिति की अनुशंसाओं का अनुमोदन करने विषयक।** |
| टीप | विश्वविद्यालय में लागू प्रवेश, शिक्षण, परीक्षा आदि विविध शुल्कों पर शुल्क निर्धारण समिति की बैठक दिनांक 25/02/2022 में विचारोपरान्त शुल्क वृद्धि विषयक अनुशंसायें अनुमोदनार्थ प्रस्तुत हैं। |
| निर्णय | **आगामी कार्य परिषद के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। आगामी कार्य परिषद में पूर्व शुल्क एवं वृद्धि किए गए शुल्क के पूर्ण विवरण के साथ प्रकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।** |

क्रियान्वयन – परीक्षा

| | |
|---|---|
| विषय क्रमांक 27 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय।** |
| विषय क्र. 27 (1) | विश्वविद्यालय से लगी भूमि क्रमांक 16/2 विश्वविद्यालय हेतु आवंटन संबंधी। |
| टीप - | न्यायालय अपर कलेक्टर जिला उज्जैन द्वारा दिनांक 13.10.2008 को पारित आदेश के द्वारा विश्वविद्यालय को ग्राम मानपुरा के सर्वे क्रमांक 10/1 रकबा 200, सर्वे क्रमांक 16 में से रकबा 6.31 व सर्वे क्रमांक 17 रकबा 1.69 आवंटित की थी। विदित हो कि सर्वे क्रमांक 16 का कुल रकबा 10.76 है एवं विश्वाविद्यालय को आवंटित 16/2 रकबा 6.31 के बाद वर्तमान में 16/1 रिक्त है।<br>कार्यालय कलेक्टर (नजूल ) जिला उज्जैन म.प्र. के पत्र क्रमांक 122/नजूल/रीडर/2022, उज्जैन दिनांक 21.02.2022 प्राप्त हुआ है। पत्र में उल्लेख है कि प्रस्तावित भूमि की विस्तृत योजना की जानकारी प्रस्तुत करने का उल्लेख किया गया है।<br>उपरोक्तपत्र के सन्दर्भ में (अ) परीक्षा भवन एवं शोधकेन्द्र तथा शोध छात्रावास का निर्माण प्रस्तावित है। (ब) तदनुसार शासन को पत्र प्रेषित किया जाना प्रस्तावित है । |
| निर्णय | **यथा प्रस्तावित अनुमोदित।** |

क्रियान्वयन – स्थापना/निर्माण शाखा

विषय क्र. 27 (2) **आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन वृद्धि तथा विश्वविद्यालय के मद से नियुक्ति हेतु विचारार्थ।**

टीप - विश्व विद्यालय में प्रशासनिक कार्यालय, परीक्षा एवं ग्रन्थालय में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियो से दिनांक 28.02.2022 को प्राप्त आवेदन में विश्वाविद्यालय के मद से नियुक्ति तथा विश्वविद्यालय से वेतन प्रदान करने का उल्लेख किया गया है।

निर्णय **शासन के नियमानुसार कार्यवाही की जाए।**

क्रियान्वयन – स्थापना

विषय क्र. 27 (3) **विश्वविद्यालय परिसर विकास एवं प्रस्तावित निर्माण कार्य अनुमोदनार्थ।**

टीप – दिनांक 04-02-2022 को माननीय कुलपति जी की उपस्थिति में विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण, कर्मचारी तथा उज्जैन विकास प्राधिकरण के इंजिनीयर श्री के.सी. पाटीदार, श्री गुप्ता जी के साथ विश्वविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय परिसर की बाउंड्रीवाल/कम्पाउण्डवाल, बाउंड्रीवाल के समानान्तर रोड़, सोलर लाईट तथा कच्चा/पक्का ड्रेनेज लाईन की अत्यंत आवश्यकता है। समस्त कार्यो हेतु उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा डीपीआर तैयार करने पर सहमति प्राप्त हो गई है।

निर्णय **यथा प्रस्तावित अनुमोदित।**

क्रियान्वयन – निर्माण

विषय क्र. 27 (4) **कुलपतिजी हेतु नवीन वाहन क्रय करने हेतु विचारार्थ।**

टीप – विश्वविद्यालय में वर्ष 2016 में कुलपतिजी हेतु डिजायर वाहन क्रय किया गया था। अद्यतन स्थिति में वाहन की रीडिंग 1 लाख 11,000 कि.मी. के लगभग है। माननीय कुलपति जी को अनेक स्थानों पर यात्रा करना होती है। अत: वाहन की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए इस वाहन को विक्रय कर नवीन वाहन इनोवा क्रय करने हेतु प्रस्ताव विचारार्थ। अनुमानित व्यय 20-22 लाख रुपये सम्भावित है।

निर्णय **शासन के नियमानुसार कार्यवाही की जाए तथा प्रकरण आगामी कार्य परिषद में प्रस्तुत किया जाए।**

क्रियान्वयन – सामा.प्रशा./वित्त/भण्डार

विषय क्र. 27 (5) **12B प्रक्रिया हेतु राशि रु. 20लाख का सम्भावित खर्च अनुमोदनार्थ।**

टीप – विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की 12B सूची में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक आवेदन पूर्व सज्जा हेतु विविध प्रपत्रों को व्यवस्थित करना, अनुपलब्ध को तैयार कराना, प्रभृति विविध कार्य संपन्न किये जाने है। इस हेतु अनुमानित राशि रूपये 20 लाख व्यय होना सम्भावित है।प्रकरण विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ ।

निर्णय **यथा प्रस्तावित अनुमोदित।**

क्रियान्वयन – अकादमिक

विषय क्र. 27 (6) **विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा २६ (१) (दो) के अन्तर्गत वित्त समिति हेतु तीन सदस्य कार्य परिषद द्वारा अपने सदस्यों में से नाम निर्देशन हेतु विचारार्थ।**

टीप – विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा २६ (१) (दो) के प्रावधान अन्तर्गत वित्त समिति के **"तीन सदस्य, जो कार्य परिषद् द्वारा अपने सदस्यों में से नाम निर्देशित किए जाएंगे।"**
वित्त समिति के तीन सदस्य के नाम निर्देशन हेतु प्रकरण अवलोकनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत है।

निर्णय **विचारोपरान्त निम्नांकित तीन सदस्यों को वित्त समिति के सदस्य हेतु नाम निर्देशित करने का निर्णय लिया गया –**

1. **श्री राजेन्द्र झालानी,**
2. **डॉ. विद्या जोशी,**
3. **श्री सुशील वाडिया**

क्रियान्वयन – वित्त विभाग/सामा.प्रशा.

विषय क्र. 27(7) **शैक्षणिक पदों के आवेदन शुल्क निर्धारण हेतु विचारार्थ।**

टीप विश्वविद्यालय द्वारा रिक्त शैक्षणिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जानी है, इस हेतु शैक्षणिक पदों हेतु आवेदन का शुल्क रू. **2000/-** (अक्षरी दो हजार रू.) किया जाना प्रस्तावित है।

निर्णय **विचारोपरान्त अनारक्षित वर्ग हेतु शैक्षणिक पदों के लिये आवेदन का शुल्क रू. 2000/- (अक्षरी दो हजार रू.) निर्धारित किये जाने का निर्णय लिया गया। आरक्षित वर्ग हेतु आवेदन शुल्क में शासकीय नियमानुसार छूट लागू करने का निर्णय लिया**

क्रियान्वयन – स्थापना/सामा.प्रशा.

कार्य परिषद के अध्यक्ष मान. कुलपतिजी एवं उपस्थित सभी सदस्यों के प्रति कुलसचिव द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पश्चात् कार्य परिषद की कार्यवाही समाप्त हुई।

**(डॉ. दिलीप सोनी)**
कुलसचिव
सचिव

**(प्रो. विजयकुमार सी.जी.)**
कुलपति
अध्यक्ष